राजस्थान सरकार

# सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांकः–एफ.2(4324)/डी.ओ.आई. टी./संस्था/14/I/71007/2017 जयपुर दिनांक 22/6/2017

## अनापत्ति प्रमाण पत्र

**श्री हेमन्त कुमार पुत्र श्री होती सिंह सूचना सहायक,** कार्यालय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, राजाखेड़ा धौलपुर (राज.) को **S.I. Computer Traning Academy, Dholpur** से **MCA** पत्राचार के माध्यम से परीक्षा में सम्मिलित होने की स्थिति में इस विभाग को कोई आपत्ति नहीं है।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति **श्री हेमन्त कुमार** को निर्देशानुसार निम्नलिखित शर्तों पर प्रदान की जाती हैः–

1. शिक्षण संस्थान में अध्ययन का समय यदि कार्यालय समय के समान ही हो तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त मानी जाएगी।
2. कर्मचारी का पदस्थापन अध्ययन स्वीकृति संस्थान के मुख्यालय से परिवर्तन/स्थानान्तरित हो जाता है तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त हो जाएगी।
3. कर्मचारी को प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष मे उतीर्ण की गयी परीक्षा की सत्यापित अंकतालिका परीक्षा परिणाम घोषित होने के 30 दिवस मे उचित माध्यम से इस विभाग को प्रेषित करनी होगी।
4. परीक्षा दिवसों के अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावेगा।
5. अध्ययन स्वीकृत दिये जाने से कर्मचारी को किसी स्थान विशेष पदस्थापन निरन्तर रखने का अधिकार नहीं मिल पाएगा और उसका स्थानान्तरण किया जा सकता है।
6. अध्ययन से राजसेवक दैनिक राजकीय कार्य सम्पादन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करेगा अन्यथा स्वीकृति समाप्त कर दी जाएगी।
7. अध्ययन वर्ष मे कर्मचारी की उपस्थिति का प्रतिशत कम होने पर उसकी पूर्ति हेतु सरकार/विभाग द्वारा किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावेगा।
8. प्रशासनिक कारणों से अध्ययन परीक्षा हेतु स्वीकृति बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।
9. परीक्षा के दिवसों में उपभोग किए गए अवकाश नियमानुसार जिस श्रेणी में आवेदित किए गए हों, के अनुसार उचित स्तर पर स्वीकृति हेतु भिजवाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित विभाग की होगी।
10. इस अनापत्ति प्रमाण पत्र से अभ्यर्थी द्वारा किए जा रहे अध्ययन के पाठ्यक्रम या विश्वविद्यालय की मान्यता या गैर–मान्यता के सम्बन्ध में इस विभाग की स्वीकृति नहीं मानी जायेगी।
11. पत्राचार/स्वयंपाठी पाठ्यक्रम हेतु आवेदक को बाकी रहे वर्षों–द्वितीय/तृतीय की परीक्षा के लिए पुनः अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन की आवश्यकता नहीं है।

sd

(ए.एम.देशपाण्डे)

**तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, कार्यालय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, राजाखेड़ा धौलपुर (राज.)।
2. श्री हेमन्त कुमार, सूचना सहायक, कार्यालय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, राजाखेड़ा धौलपुर (राज.)।
3. संबंधित निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।
4. प्रभारी अधिकारी वेबसाइट, वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु।

**तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव**